13092024-Isp-05_Layout 1 9/13/2024 12:07 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 13 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बीटीआई मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ...



10 45 करोड़ की लागत से बनेंगे अटल परिसर, सभी ...



## खबर संक्षेप



### नांदघाट थाना परिसर में किया गया पौधारोपण

**बेमेतरा/नवागढ़।** थाना नांदघाट परिसर में खाली उपयुक्त जगहों पर गार्डनिंग एवं पौधा रोपण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद एवं समस्त थाना स्टाफ तथा नांदघाट तहसीलदार प्रांजल प्रजापति व जन सहयोग से गार्डन निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना नांदघाट परिसर में निर्माणाधीन गार्डन में शासन के अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 100 से अधिक फलदार एवं छायादार, फूलदार पौधों का रोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। अलील चंद ने कहा कि पुण्यकार्यों में सबसे श्रेष्ठ कार्य पौधा रोपण ही है। इस अवसर पर उप निरीक्षक राजेन्द्र कश्यप, सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल सोनवानी, रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक विजय शुक्ला, जावेद खान, योगेश यादव, आरक्षक रुपेन्द्र राजपूत, प्रताप सिंह यादव, बालमुकुंद सिंह ठाकुर, आकाश सिंह राजपूत, सुरेश सोनकर, गोविंद सिंह, नरेन्द्र बंजारे, संजुनाथ योगी, विजय घृतलहरे, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मनीष जायसवाल, ओंकार उर्फ लाला कुंजाम (ग्राम सरपंच), कृपाराम निषाद, गोलु वर्मा, भागवत ध्रुव एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्राम लोलेसरा में अखण्ड सत्यनाम धुन 25 व 26 को

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप मेला स्थल ग्राम लोलेसरा में कबीरपंथ समाज द्वारा दो दिवसीय अखण्ड सत्यनाम धुन का आयोजन 25 एवं 26 सितंबर को रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कबीर पंथ समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जहां चर्चा हुई। वहीं, नवयुवक मंडल, आमीन माता महिला मंडल एवं कबीरपंथ समाज सत्यनाम धुन तैयारी में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में बेमेतरा के अलावा दूसरे जिले से भी सत्यनाम धुन एवं भजन मंडली भाग लेंगे। सबके लिए आयोजन समिति द्वारा भोजन भंडारे एवं ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।

### दुकानदारों ने 5 साल से नहीं दिया किराया, नपं ने थमाया नोटिस

**गुरूर।** नगर पंचायत प्रशासन बकायादारों पर सख्त हो गया है। लंबे अरसे बाद नगर पंचायत बकायादारों को नोटिस दिया गया है। प्रथम चरण में नगर पंचायत की दुकानों का वर्षों से किराया का भुगतान नहीं करने वाले 28 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। नगर पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टैण्ड के 18 दुकानदारों, शनिदेव मंदिर के पास निर्मित परिसर में 5 दुकानदारों एवं तहसील कार्यालय के सामने निर्मित परिसर में 5 दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिया गया है। इन दुकानदारों में बहुसंख्यक ने बीते 5 साल से अधिक समय से किराया का भुगतान नहीं किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभी दुकानदारों को प्रथम चरण की नोटिस जारी कर सात दिवस में किराया भुगतान करने कहा गया है। निर्धारित समय पर किराए का भुगतान नहीं करने पर बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नगर पंचायत के निवासियों से वसूले जाने वाले संपत्तिकर एवं जलकर के बकायदारों की भी सूची बनाई जा रही है। जल्द ही संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को भी नोटिस दिया जाएगा।

**समस्या**

**सोमवार-मंगलवार को हुई बारिश व जलाशयों से पानी छोड़ने से बिगड़ी स्थिति**

# नदी-नालों में बाढ़ की स्थिति, कई गांवों का मुख्यालय से सीधा सड़क संपर्क टूटा

## बसों के पहिए थमे, जरूरी होने पर लिमतरा-नांदघाट होते हुए 25 किमी का अतिरिक्त सफर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार को हुई अनवरत बारिश और विभिन्न जलाशयों से पानी छोड़े जाने के कारण क्षेत्र में नदी नालों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। एक ओर जहां भाटापारा मार्ग पर स्थित सिमरिया घाट पुल पर से लगभग 12 से 13 फीट पानी बह रहा है। इसके कारण नदी में आई बाढ़ से एक बार फिर से पुल डूब गया है। इसके असर से नारायणपुर, भाटापारा, बिलासपुर, पथरिया, सरगांव, नवागढ़, मारो ,बैतलपुर, किरना ,पुटपुरा, चक्रवाय ,झुलना, गुजेरा, ठेलकी ,बासीन ,मदकू ,सहित सैकड़ों गांवों का सीधा सड़क संपर्क भाटापारा शहर से टूट गया है।

- भाटापारा मार्ग स्थित सिमरिया घाट पुल पर 12-13 फीट पानी

खासकर लोग यहां कृषि उपज मंडी शिक्षा स्वास्थ्य दैनिक रोजी-रोटी व सब्जी विक्रेताओं सहित अन्य कार्यों से भाटापारा आने जाने वाले को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। सेमरिया घाट पुल के डूबने से आने-जाने से अनेक बसों के पहले थम गए हैं। इसलिए यात्रियों को मजबूरन लिमतरा-नांदघाट होकर नांदघाट उच्च स्तरीय पुल से घूमकर आवाजाही कर रहे हैं। इससे बस यात्रियों को आर्थिक व समय का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वहीं, कृषि उपज मंडी में अपनी धान व उनहारी फसल बेचने आने वाले किसानों को मजबूरी में घूमकर 25 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करते हुए भाटापारा आना जाना पड़ रहा है। वहीं, क्षेत्र में सोमवार व मंगलवार को हुई बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि उनके खेतों में पानी की जरूरत थी, जो अब लगभग पूरी हो गई है, वहीं भारी पानीं बहाव से मार्ग की सड़क भी पूरी तरह ध्वस्त स्थिति में पहुंच गया है।

## जगह-जगह मलबा व कीचड़, सड़कें उखड़ गईं, चलना हुआ मुश्किल

**बेमेतरा।** साजा विकासखंड अंतर्गत देवकर एवं साजा तहसील इलाकों में सुरही नदी में बीते दिनों आयी बाढ़ का लेवल कम होने लगा है। वहीं, बाढ़ प्रभावित नगर देवकर सहित सुरही नदी के इर्द-गिर्द बसे गाँवो में पानी का स्तर कम होते ही सम्बन्धित क्षेत्र के नगरवासियों एवं ग्रामवासियों के लिये अब एक नयी मुसीबत आ खड़ी है। पानी उतरते ही बाढ़ के बाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। वहीं, अन्य जगहों पर दलदल एवं कीचड़ सहित कूड़े-कचरे का मलबा जमा हो गया है, जिसे ग्रामीणों एवं पंचायत कर्मचारियों द्वारा साफ किया जा रहा है। नगर देवकर में महावीर चौक, गांधी चौक, सुभाष चौक, नूरानी चौक, चांदनी चौक सहित पुराने पुल के आसपास बड़ी मात्रा में कचरा, रेत, मलबा, मिट्टी बिखरा हुआ है। इससे वहां कीचड़ हो गया है। स्थानीय लोगों ने इसकी सफाई कर हटाया। वहीं, सड़कों की बात की जाए तो देवकर से परपोड़ी मार्ग पर करीब तीन-चार जगहों पर मुख्य सड़क ही बाढ़ के तेज प्रवाह में बह चुकी है। कई फीट जमीन से गहरा हो चुका है, जिस पर से फिलहाल गुजरने के लिए काफी मशक्कत व जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

- सुरही नदी में बाढ़ का स्तर घटते ही नज़र आने लगी समस्या

**हर साल की समस्या, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान:** इस संबंध में प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने बताया कि हर साल बाढ़ आने पर इस इलाके में पानी घुसने के कारण सड़क





क्षतिग्रस्त होना आम बात है। बाद में स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन के काम कराने के पहले तक कामचलाऊ रूप मरम्मत कराकर आवागमन व्यवस्था दुरुस्त की जाती है। वहीं, अन्य नगरवासियों का कहना है कि सुरही नदी के बाढ़ का पानी नगर में हर साल कहर मचाता है, किन्तु जिम्मेदार अफसरों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस समस्या के समाधान की दिशा में कोई खास रुचि नहीं ली जाती। शासन-प्रशासन के रवैये से सबको काफी निराशा लगती है।

### मकान व दुकानों को नुकसान

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में काफी रहवासी मकानों को नुकसान पहुंचा है। इससे लोगों को आर्थिक रूप से क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई के लिए पीड़ित नागरिक अभी से प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इसका ताजा नजारा बाढ़ प्रभावित नगर पंचायत देवकर क्षेत्र में आसानी से देखने को मिल सकता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ख़सिोरा निवासी विजय साहू देवकर के शासकीय व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स में संचालित इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिक दुकान से सामान नहीं उठा पाया था। उसका खामियाजा बाढ़ में भुगतना पड़ गया। बाढ़ में दो दिन तक दुकान के डूबे रहने से बड़ी मात्रा में सामान खराब हो गए एवं कुछ सामान पानी में बह गए, जिसका पता उन्हें दुकान खोलने के बाद चला। इसी तरह नगर के अन्य कई हिस्सों एवं अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों की स्थिति भी कुछ इसी प्रकार रही। जहां पर अनेक दुकानों के अलावा सैकड़ों रहवासी मकानों में पानी घुसने से आम लोगों को काफी क्षति पहुंची है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### ग्राम पचभैया और अमचो का जिला मुख्यालय से टूटा संपर्क

**बेमेतरा।** जिले के अंतिम छोर पर फ्रोक नदी के किनारे बसे पचभैया और आश्रित गांव अमचो नदी में बाढ़ के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो चुका है। मिली जानकारी के अनुसार नदी का पानी बढ़ते क्रम में ही है। पानी गांव के अंदर एवं आसपास के खेत खलिहान में घुस चुका है, जिससे आने-जाने में भी परेशानी और फसल पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। इसके कारण समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासी कुलेश्वर चंद्राकर का कहना है कि सड़क बाढ़ में प्रभावित होने के कारण छोटे से कार्य के लिए भी 20 से 25 किलोमीटर दूरी तय करके नगर पंचायत दाढ़ी आना पड़ रहा है।

# बेमेतरा में विश्व के सबसे ऊंचे बांस टावर का केंद्रीय मंत्री गडकरी करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय बांस दिवस के अवसर पर 18 सितंबर को कठिया, बेमेतरा में भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा निर्मित विश्व के सबसे बड़े बम्बू टावर के उद्घाटन और उस टावर में भारत देश के ध्वजारोहण के लिए मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़ेंगे। इसी कार्यक्रम में अध्यक्षता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, भव्य श्रृष्टि उद्योग के संस्थापक गणेश वर्मा, समाधान महाविद्यालय के संचालक डॉ अवधेश ▶▶| शेष पेज 11 पर

- वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल




### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में होगा शामिल

इस विश्व के सबसे ऊंचे बम्बू टावर को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा और प्रमाण पत्र भी देंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बांस के क्षेत्र में उनके विजन को, संभावित संभावनाओं को छत्तीसगढ़ सहित समूचे भारत देश के लिए भी बहुत उपयोगी बताया। भव्य सृष्टि उद्योग के संस्थापक गणेश वर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि बेमेतरा छत्तीसगढ़ में निर्माणरत स्टील के विकल्प के रूप में बांस के इन उत्पादों को क्रैश बैरियर को, बाहुबल्ली को भारत सरकार ने विधिवत परीक्षण कर प्रमाणित किए हैं और इसे अब तक कुल 15 पेटेंट प्राप्त हो चुका है। जो छत्तीसगढ़ के साथ साथ भारत देश के लिए गौरव की बात है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिलाने चलाया जा रहा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अल्पपोषित माता अधिकांशतः कम वजन वाले शिशुओं को जन्म देती हैं। जब कुपोषण गर्भाशय में ही शुरू हो जाता है, तो पूरे चक्र में चलता रहता है।

उपरोक्त परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए देश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लागू की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में योजना अन्तर्गत शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने के लिए 2 से 16 सितंबर 2024 तक विशेष अभियान का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। योजना अन्तर्गत प्रथम बच्चे पर हितग्राही माता को सीधे उनके खाते में 02 किश्त में कुल 5,000 रूपए जमा की जाती है। प्रथम किश्त गर्भावस्था के 06 माह के अंदर पहली किश्त 3000 तथा दूसरी किश्त की राशि 2,000 रूपए बच्चे के जन्म पंजीकरण तथा बीसीजी, पोलियो, डीटीपी एवं हेपेटाईटिस-बी या इसके समानान्तरण/विकल्प का प्रथम चक्र का टीका लगाए जाने के बाद देय होगा। वहीं, द्वितीय संतान बालिका होने पर एकमुश्त 6,000 रूपए प्रदान की जाती है।

- योजना के तहत प्रथम बच्चे के जन्म पर माता को दिए जाते हैं 5 हजार रूपए

वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना अन्तर्गत कुल 3971 हितग्राहियों का पंजीकरण किया गया है, जिसमें प्रथम बच्चे पर प्रथम किश्त से 3422 एवं द्वितीय किश्त से 1332 हितग्राहियों तथा द्वितीय बच्चे बालिका अन्तर्गत ▶▶| शेष पेज 11 पर

# नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने मिलकर करें कार्य : डॉ महिस्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा अंतर्गत डॉ. एम.पी. महिस्वर, संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य, सेवायें रायपुर संभाग की अध्यक्षता में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान डॉ महिस्वर ने जिले की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रशंसा की। साथ ही जिन कार्यक्रमों में प्रगति कम है, उन्हें शीघ्र बढ़ाने के निर्देश दिए। जिले के सभी जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने एवं सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बेहतर कार्य करने के लिए कहा गया। विकासखण्ड बेमेतरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिरहा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में क्वालीफाईड होने पर बधाई दी गई।

- स्वास्थ्य विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिए निर्देश

बैठक के दौरान डॉ. विजय कुमार फुलवानी, संभागीय कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. वाई.के. ध्रुव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एस. चुरेन्द्र, सिविल सर्जन, डॉ. अशोक बसोड़, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कार्यक्रम सलाहकार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहे।


## ईद मिलादुन्नबी के जुलूस और विसर्जन झांकी में नहीं बजेगा डीजे

# सरकारी आदेश से डीजे वाले बाबू नाराज, हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में डीजे, धुमाल, साउंड यूनियन के लोगों ने शासन-प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हड़ताल पर जाने की सूचना कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर दी है। यूनियन द्वारा कहा गया है कि जो मापदंड साउंड सिस्टम को लेकर तय किए गए हैं, उसके अनुरूप कार्य करना संभव नहीं है। ऐसे में प्रदेशभर के सभी डीजे, धुमाल, साउंड सिस्टम संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। इस दौरान ईद मिलादुन्नबी, गणेश विसर्जन जैसे पर्व पर भी साउंड सिस्टम नहीं लगाए जाएंगे।

अपना विरोध प्रदर्शन करते या डीजे संचालकों ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा डीजे व धुमाल पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। शासन का कहना है कि वाहन में साउंड सिस्टम नहीं बांधना है, परन्तु बिना वाहन के साउंड सिस्टम जुलूस, झांकी या अन्य किसी रोड-शो में चला पाना संभव ही नहीं है।



### ये है यूनियन की मांग

शासन-प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से साउंड यूनियन ने अपनी विभिन्न मांगें रखी हैं। इसमें मालवाहक वाहन में साउंड सिस्टम लगाने की छूट प्रदान करने, किसी भी डीजे साउंड एवं धुमाल वालों के खिलाफ आपराधिक धारा नहीं लगाने, साउंड सिस्टम को राजसात नहीं करने, 55 डीबी के 70 साल पुराने नियम में संशोधन करने की मांग रखी है।

### पुलिस की कार्रवाई से नाराजगी

अपने ज्ञापन के माध्यम से यूनियन के लोगों ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर साउंड सिस्टम, डीजे और धुमाल वालों पर प्रशासन द्वारा आपराधिक धाराएं लगाने को कहा गया है। वहीं, साउंड एवं धुमाल के सामान को राजसात करने और 25 लाख तक का जुर्माने की बात कही जा रही है, जो पूर्णताः गलत है।

### हड़ताल के दौरान नहीं बजेगा गाना

अपनी मांगें पूरी करने के लिए प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से साउंड यूनियन द्वारा अवगत कराया गया है, अगर मांगें नहीं मानी जाती हैं या बैठक में कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलता है, तो साउंड सिस्टम वाले ईद मिलादुन्नबी के जुलूस से अपनी हड़ताल की शुरूआत कर देंगे। गणेश विसर्जन पर भी हड़ताल करेंगे। वहीं, किसी भी सरकारी आयोजन व राजनैतिक कार्यक्रमों में भी साउंड सिस्टम नहीं लगाएंगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### 55 डेसिबल में डीजे बजाना संभव नहीं

यूनियन के दीपेश राजपूत, किरपा वर्मा का कहना है कि शासन द्वारा 55 डीबी में साउंड और धुमाल को बजाने कहा गया है, जो कभी भी संभव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि एक कार का हॉर्न ही 90 डेसिबल से ज्यादा में बजता है, तो 55 डीबी में किसी भी साउंड सिस्टम को चलाना संभव ही नहीं है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री ने विभाग के ओएसडी को दिए निर्देश

**रायपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बुधवार को निर्माण भवन, नई दिल्ली में हुई बैठक में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के ओएसडी जयदीप कुमार को छत्तीसगढ़ राज्य में मास रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मंत्री ने मेट्रो, मोनोरेल, रैपिड रेल और केबल कारों सहित विभिन्न परिवहन विकल्पों का पता लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख औद्योगिक शहरों दुर्ग, भिलाई और रायपुर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है।

### बायो डीजल बिना अनुमति बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** बायो डीजल की बिक्री करने के लिए खाद्य विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के बायोडीजल बेचने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने खाद्य विभाग को बायोडीजल के व्यापारियों से नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। बायोडीजल के अवैध व्यापार और गड़बड़ी को रोकने के लिए खाद्य विभाग ने मानक प्रक्रिया संहिता जारी की है। इसके तहत जिले में वर्तमान में संचालित जैव-डीजल खुदरा बिक्री केंद्रों की विभाग द्वारा जारी मानक प्रक्रिया सहित जांच की जाएगी।

### कांग्रेस के आब्जर्वरों को दिल्ली में दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर।** राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए आब्जर्वरों के लिए दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य से झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के लिए पूर्व मंत्री शिव डहरिया को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है।

### सीमेंट की बढ़ी कीमतों को वापस लें

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने सीमेंट की कीमतों में वृद्धि किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सरकार को इस संबध में तत्काल सीमेंट फैक्ट्रियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए बढ़ी हुई दर को वापस करवाकर आम जनता को आर्थिक बोझ से बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, सीमेंट कम्पनियों द्वारा किसे लाभ पहुंचाने के लिए कीमतों में एकाएक वृद्धि कर छत्तीसगढ़ की जनता को महंगाई के बोझ में दबाना चाहती है।

### जनदर्शन आज स्थगित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरूवार 12 सितंबर को अपरिहार्य कारणों से नहीं होगा।

### पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की अधिसूचना जारी

**रायपुर।** जशपुर जिले के नगर पंचायत पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जारी अधिसूचना के तहत नगर पंचायत पत्थलगांव की सीमाएं ही नगर पालिका की सीमा होगी। इस संबंध में लोगों से 21 दिनों तक इस संबंध में दावा-आपत्ति मांगी गई है।

### सीएचसी में उपलब्ध कराई गई शुगर नापने की मशीन

**रायपुर।** कलेक्टोरेट जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुगर और बीपी की मशीन खराब होने की भी शिकायतें आने लगी है। बिरगांव नगर निगम के वार्ड क्रमांक 16 सिलतरा निवासी रूकमणि साहू ने धरसींवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुगर और बीपी की मशीन खराब होने की शिकायत की थी। उनका कहना था कि मशीन खराब होने से आने मरीजों के उपचार में परेशानी आ रही है। इसको लेकर उन्होंने संबंधित विभाग में भी शिकायत की थी, लेकिन इसका निराकरण नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टोरेट के जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत की है।


# 45 करोड़ की लागत से बनेंगे अटल परिसर, सभी निगम, पालिका, नगर पंचायत में लगेगी अटल जी की मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस काम के लिए सरकार ने प्रदेश के सभी 183 नगरीय निकायों के लिए 45 करोड़ 50 लाख रुपयों की मंजूरी दे दी है। खास बात ये है कि इस संबंध में उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विधानसभा में घोषणा की थी, लेकिन उस समय सभी निकायों में अटल चौक बनाने की बात कही थी, अब इसे अटल परिसर का नाम दिया गया है।

नगरयी प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि अटल परिसर बनाने के लिए निगम को 50 लाख, पालिका परिषद को 30 लाख और नगर पंचायत को 20 लाख रुपए अधोसंरचना मद के अंतर्गत देने की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

**विधानसभा में उप मुख्यमंत्री साव ने की थी घोषणा**



### निगम को 50, पालिका को 30 नगर पंचायत को 20 लाख

*पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति स्थापित करने के लिए राज्य के 14 नगर निगमों में सभी को 50 लाख, नगर पालिका 47 को 30-30 लाख, नगर पंचायत 122 को 20-20 लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में निकायों की कुल संख्या 183 है। इन्हें कुल मिलाकर 45 करोड़ 50 लाख रुपए देने की मंजूरी मिली है।*

### जारी हुआ ये निर्देश

संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास ने अटल परिसर निर्माण के संबंध में निकायों को निर्देश दिए हैं। निकायों से कहा गया है कि विभाग द्वारा प्रस्तावित अटल चौक का नामकरण अटल परिसर के नाम से किया जाए। स्व. श्री वाजपेयी की मूर्ति धातु की ही बने ये सुनिश्चित किया जाए। मूर्ति की स्थापना निकाय क्षेत्र के ही किसी मुख्य उद्यान, मुख्य स्थान या मुख्य मार्ग के किनारे स्थापित किया जाए।

**सड़क, नाली निर्माण, पाइप लाइन विस्तार कार्य को मिलेगी गति**

# 2 वार्डों में 1 करोड़ 10 लाख के निर्माण कार्यों की मंजूरी, होंगे थोक में काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने बुधवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वीर सावरकर वार्ड एवं नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में 1 करोड़ 10 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी।

विधायक राजेश मूणत ने बताया कि वे जनभावना के अनुरूप मांग के आधार पर आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीर सावरकर वार्ड और कन्हैया लाल बाजारी वार्ड में उन्होंने बुधवार को एक करोड़ 10 लाख रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि वह प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में विकास कार्य स्वीकृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रायपुर पश्चिम के विभिन्न वार्डों में सुविधाओं के विस्तार के लिए वहां के नागरिकों से चर्चा कर रहे हैं। इसके अलावा उनके कार्यालय आने वाले आवेदनों को भी देख रहे हैं। इसी आधार पर वह अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए जनता की सेवा में जुटे हुए हैं।



### एक नजर स्वीकृत कार्य और संबंधित जगह पर

- हीरापुर टेंगना तालाब से खपरा भट्टी नंदनवन मार्ग नाली निर्माण
- हीरापुर गुरुद्वारा से आरडीए कॉलोनी होते हुए रिंग रोड नंबर 2 तक नाली निर्माण
- जरवाय में सामुदायिक भवन से नंदनवन मार्ग और तेंदुआ मार्ग नहर तक सीसी रोड व नाली निर्माण
- अटारी में नाली निर्माण 10 लाख
- अटारी बस्ती में कंक्रीटकरण 8 लाख

### नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में स्वीकृत कार्य

- मच्छी तालाब क्षेत्र में सीसी रोड नाली एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य 25 लाख
- मच्छी तालाब तुलसी सेन के घर के पास नाली निर्माण 8 लाख
- गुड मॉर्निंग प्रोविजन के पीछे कंक्रीट सड़क निर्माण 8 लाख
- झंडा चौक राम मंदिर होते हुए बालाजी चौक तक नाली निर्माण कार्य

इसके अलावा जिला खनिज संस्थान न्यास निधि मद से शासकीय प्राथमिक शाला अटारी में बाथरूम निर्माण कार्य करने भूमिपूजन किया गया।

### भूमिपूजन में ये रहे उपस्थित

जोन 8 के 2 वार्डों में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कमलेश वर्मा, सुनील चंद्राकर, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, मनीष ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता विशाल पांडेय, भूपेंद्र ठाकुर, जोन कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, गणमान्य जन व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हीरापुर फ्लाई ओव्हर कार्य जल्द होगा प्रारंभ

*श्री मूणत ने वार्डवासियों को बताया कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने हीरापुर फ्लाई ओव्हर बनाने की स्वीकृति दे दी है, शीघ्र ही यह कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इससे दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। नागरिकों को यातायात में काफी राहत मिलेगी। विधायक राजेश मूणत ने कहा कि राज्य में जब से विष्णुदेव साय की सरकार बनी है, तब से सभी जगह सांय-सांय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगवाई में सुशासन वापस पटरी पर लौट आया है। सत्ता पक्ष का विधायक होने के कारण मैं भी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन में अपनी ऊर्जा लगा रहा हूं। इस कार्य में भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है।*

# तहसीलदार पर कमिश्नर की गिरी गाज, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



धमतरी जिले के एक तहसीलदार को विभागीय काम में लापरवाही करना और सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए बिना तहसील मुख्यालय से बाहर रहना भारी पड़ा। संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर को इस मामले की जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के प्रतिविदेन में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद कमिश्नर ने तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**प्रकरणों को लंबित रखकर लोगों को परेशान करने की भी शिकायत**

जिले के बेलरगांव तहसीलदार अनुज पटेल के खिलाफ कुछ लोगों ने संभाग कमिश्नर से शिकायत की गई थी। इस शिकायत में बताया गया था कि तहसीलदार ज्यादातर बिना अनुमति या सक्षम स्वीकृति के मुख्यालय से बाहर रहते हैं और अपने काम में भी लापरवाही बरतते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि प्रकरणों को बिना कारण के लंबित रखा जाता है, जिसके कारण लोगों को भी परेशान होना पड़ता है। कमिश्नर ने तहसीलदार के खिलाफ मिली इस शिकायत कीर तत्काल जांच कराने के लिए जिला कलेक्टर को निर्देश दिए थे। इस निर्देश के पालन करते हुए कलेक्टर ने इसकी जांच कराई। इस जांच में शिकायतें सही पाई गईं। कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच का प्रतिवेदन मिलते ही कमिश्नर ने तहसीलदार अनुज पटेल को तत्काल निलंबित कर दिया है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत उन्हें निलंबित किया गया है।

### आरोपों, गवाहों एवं दस्तावेजों की सूची मांगी

कमिश्नर ने निलंबन की कार्रवाई करने के साथ कलेक्टर को तहसीलदार के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का विवरण, गवाहों की सूची, लंबित प्रकरणों एवं दस्तावेजों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर संभाग कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

ज्ञात हो कि कमिश्नर इससे पूर्व रायपुर तहसील कार्यालय के एसडीएम सहित एक तहसीलदार को प्रकरणों को समय सीमा पर निराकरण नहीं कर लंबित रखने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार इस नोटिस का एसडीएम और तहसीलदार द्वारा जवाब भी भेजा गया है। यह जवाब संतोषजनक है या नहीं, इसे देखने के बाद ही कमिश्नर इस मामले में निर्णय लेंगे।

# पीएम मोदी 16 को अहमदाबाद में एक लाख कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित शामिल हो सकते हैं सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





प्रधानमंत्री के रूप में जून में तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद नरेन्द्र मोदी अपने पहले गुजरात दौरे के दौरान 16 सितंबर को अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में लगभग एक लाख भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके माध्यम से भाजपा संगठन की ताकत का प्रदर्शन करेंगे और देश को एक संदेश देंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो सकते हैं। हालांकि उनका अहमदाबाद जाने का अभी कार्यक्रम नहीं बना है।

बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी 15 और 16 सितंबर को गुजरात दौरे पर होंगे। पहले दिन वह पालनपुर जिले के डीसा शहर में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। दूसरे दिन वह गांधीनगर में महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में एक सरकारी कार्यक्रम और मेट्रो सेवा से संबंधित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री पहले महात्मा मंदिर में 16 सितंबर को वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (री-इन्वेस्ट) के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे और फिर अहमदाबाद को गांधीनगर से जोड़ने वाली मेट्रो ट्रेन सेवा के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। 16 सितंबर की शाम को, एक लाख भाजपा कार्यकर्ता शहर के जीएमडीसी मैदान में प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए एकत्र होंगे जो तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद पहली बार अपने गृह राज्य गुजरात का दौरा करेंगे।



# दिलीप रविवि कर्मचारी संघ के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में कर्मचारी संघ के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए। दिलीप धृतलहरे को नया अध्यक्ष चुना गया है। सात पदों के लिए ये मतदान हुए थे। चुने अन्य अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष तृतीय वर्ग विवेक शर्मा, चतुर्थ वर्ग ललित देवांगन, सचिव संदीप, सह सचिव तृतीय वर्ग संतोष डहरे, सह सचिव चतुर्थ वर्ग विजय ध्रुव, कोषाध्यक्ष पुष्कर दीवान के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पांच सदस्यी कार्यकारिणी भी गठित की गई है। बुधवार देर रात तक मतगणना चलती रही। इसके बाद परिणामों की घोषणा की गई। चुने गए पदाधिकारियों का कार्यकाल दो वर्षों का होगा। मतदान के लिए योग्य रविवि के 260 कर्मचारियों में से 254 ने अपने मत का प्रयोग किया। विश्वविद्यालय में चुनाव प्रक्रिया माहभर पूर्व प्रारंभ की गई थी। चुनाव प्रचार सहित अन्य प्रक्रियाएं भी इस दौरान जारी रही। नामांकन भरे जाने के बाद कई ने अपने नाम वापस भी लिए थे। सभी विभाग के कर्मचारियों ने इसमें हिस्सा लिया।

# संगठन की मजबूती व नवीनता के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सदस्यता अभियान समिति की बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा, संगठन की मजबूती और नवीनता के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का प्रण लेना होगा। यह भाजपा संगठन का महापर्व है, जिसमें सबकी सहभागिता जरूरी है। केंद्रीय संगठन ने जो लक्ष्य राज्य के लिए तय किया है, उसे पूरा करने के लिए आप सभी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सदस्यता अभियान को व्यापक रूप देना होगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, जब से सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई है, तब से ही प्रदेश में लगातार सदस्य बनने की प्रक्रिया बेहतर है। अभी तक के करीब 7 लाख हमारे सदस्य बन गए हैं। इस संख्या को लक्ष्य तक ले जाने के लिए सभी को तत्परता से जुटना होगा। जिलेवार जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे पूरा करने में सभी मोर्चे-प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी जुट जाएं। कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ पाणिग्रही ने किया। आभार पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने किया। बैठक में महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, भरत वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, कोषाध्यक्ष नन्दन जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख,पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, कमल गर्ग सहित सदस्यता अभियान टोली के पदाधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री साय ने दी वन शहीदों को श्रद्धांजलि



*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर वन शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राजीव स्मृति वन में आयोजित कार्यक्रम में वन शहीद स्मारक का अनावरण भी किया गया। इस दौरान वन शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर नमन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आज भावनाओं से भरा दिन है। हम उन वीर शहीदों का स्मरण कर रहे है जिन्होंने जंगलों, प्राकृतिक संसाधनों और वन्य जीवों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर मुख्यमंत्री, वन मंत्री और राजस्व मंत्री ने अपने पिता की स्मृति में पौधा रोपण भी किया। बुधवार को राजधानी रायपुर के राजीव स्मृति वन में 20वां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव, अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश मिश्रा, चेयरमैन दिग्विजय सिंह सहित विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारी और बड़ी संख्या में वनकर्मी मौजूद रहे।*

# गांजा तस्करी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नशे के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान एसीसीयू और भिलाई नगर पुलिस ने कार्रवाई कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध रुप से गांजा को रख कर सेक्टर 7 सडक 1, के पास बेचने की फिराक में खडा था। घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सेक्टर 7 निवासी रिजवान खान बताया है। उसके पास से पुलिस ने 5 किलो ग्राम गांजा सफेद रंग के बोरे से जब्त किया गया। उसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। गौरतलब हो कि दुर्ग पुलिस नशे को लेकर बड़ा अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, टीआई प्रशांत मिश्रा समेत टीम मौजूद थी।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र से बीते दिनों पुलिस ने अभियान चलाकर सेक्टर 6 सड़क 11 सी पिंतु कमार साहनी इंडियन बैंक खुर्सीपार खाता 50204507325, वार्ड 13 गांधी चौक एमपी अजय साहनी फिनो बैंक रायपुर खाता 20266316686, देवरिया यूपी एबी साहनी आईडीबीआई बैंक भिलाई खाता 2022104000067856, अजय प्रसाद फिनो बैंक आईडीबीआई बैंक महाराष्ट्रा 0377979 00016519 के खातों के रकम को पुलिस ने होल्ड कराया है। इसके अलावा डोंगरीपाली निवासी बबुलू उर्फ बबूला बारिक एसबीआई खाता 35499197340 भी शामिल है। इसके अलावा पुलिस ने सात वाहनों को जब्त भी किया है। जिसमें सीजी 5 एफ 0431, जीजे 01 केडी 806804, सीजी 04 एचसी 2080, सीजी 04 केबी 4604, सीजी 07एजे 6067, सीजी 10 ईक्यू 3103, सीजी 07 सीएम 8863 वाहन शामिल है।

**निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने कार्यक्रम किया जारी**

# नगरीय निकाय चुनाव दिसंबर में और पंचायत का जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में 18 सितंबर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति होगी। प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।




दूसरे चरण में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन होगा और दावे तथा आपत्तियां ली जाएंगी। राजनैतिक दलों को 16 अक्टूबर तक मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इसके आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष दिसंबर या अगले वर्ष जनवरी में चुनाव कराए जा सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया। आयोग द्वारा सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची शुद्ध एवं निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। मतदाता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण एवं भारत निर्वाचन आयोग में तैयार विधानसभा की मतदाता सूची 20 सितंबर तक ली जाएगी। 21 सितंबर तक विधानसभा की मतदाता सूची स्थानीय निकायवार अलग कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दी जाएगी। इसके बाद 27 सितंबर तक प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता सूची को पंचायतवार मार्किंग की जाएगी। चार अक्टूबर तक मतदाता सूची की चेकलिस्ट बनाई जाएगी तथा 10 अक्टूबर तक संशोधित चेकलिस्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को दी जाएगी। 14 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### 22 नवंबर को अंतिम प्रकाशन

23 अक्टूबर दोपहर तीन बजे तक तक दावा, आपत्तियां ली जा सकती हैं। इसके बाद 29 अक्टूबर तक इनके दावे आपत्तियों का निराकरण होगा। चार नवंबर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत किया जा सकता है तथा निराकरण की आखिरी तारीख आठ नवंबर है। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न 19 नवंबर तक करना होगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को होगा।

### इतनी पंचायतों और निकाय हैं

प्रदेश में 11,664 पंचायतें हैं। इनमें से 5,050 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां की आबादी 5,000 से अधिक है। वहीं 33 जिलों में 184 निकाय हैं। इनमें से 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका परिषद व 122 नगर पंचायत हैं।

## खबर संक्षेप

### भगवान गणेश को लगाया 21 किलो लड्डू का भोग

**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित श्री गणेश मंदिर में बुधवार को महाआरती कर 21 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। इसके बाद भक्तों को बांटा गया। इस अवसर पर प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना करने के साथ लोगों के दुखों का निवारण करने बप्पा से प्रार्थना की गई। यह कार्यक्रम एक प्रयास संस्था द्वारा किया गया। इसी दौरान संस्था के अध्यक्ष सत्तू सिंह ने बताया कि इस पुनीत कार्य में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, संजय पाठक, पार्षद आकाश तिवारी, अमितेष भारद्वाज, सुनील भुवाल, संजय सोनी, नितिन भंसाली, मनोज राठी सहित अन्य भक्त भी मौजूद रहे।

### नियुक्ति पत्र नहीं भटक रहे अभ्यर्थी

**रायपुर।** रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग नवा रायपुर में आईटीआई ट्रेनिंग आफिसर के पद पर हुई भर्ती प्रक्रिया में चतुर्थ चरण के पात्र अभ्यथियों को 11 माह से नियुक्ति नहीं मिली है। प्रभावित अभ्यर्थियों ने जल्द नियुक्त पत्र जारी करने गुहार लगाई है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में अभ्यर्थी मोहन गुप्ता, हीरालाल ने बताया कि विभाग के संचालक और विभागीय मंत्री को उन्होंने इस बात से अवगत कराया है, पर आज तक उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिला। इससे वे बेहद परेशान हैं।

### कृषि महाविद्यालय का मुक्तिधाम सुधारने की मांग

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय के मुक्तिधाम की वर्तमान दशा को सुधारने की मांग को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा के पदाधिकारियों ने बुधवार को विधायक अनुज शर्मा के आवास जाकर मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी ने विधायक को बताया कि मुक्तिधाम में आने जाने का रास्ता अभी कच्चा है, अंतिम संस्कार स्थल के आसपास आगंतुकों के लिए बड़ा सा शेड निर्माण भी नहीं कराया गया है और वहां बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच भी नहीं है और कई समस्याएं हैं।

# छूटे राशन कार्ड धारक अब 31 अक्टूबर तक करा सकेंगे नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

छत्तीसगढ़ में करीब सात लाख राशन कार्ड धारकों का नवीनीकरण नहीं हो पाया था, जिसकी अवधि समाप्त होने के बाद खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की ऑफिसियल ऑनलाइन आईडी को 16 अगस्त से ब्लॉक कर दिया गया था, जिसके कारण छूटे कार्ड धारकों का नवीनीकरण भी अटक गया। नवीनीकरण नहीं होने से कार्ड धारकों के नए कार्ड भी बन नहीं पा रहे थे। हरिभूमि ने इस खबर को प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की थी। इस खबर का असर भी हुआ है।

## शासन ने बढ़ाई नवीनीकरण की तारीख

### 78 लाख 44 हजार से ज्यादा कार्ड धारक

विभागीय आंकड़ों के अनुसार प्रदेशभर में 78 लाख 44 हजार 326 कार्ड धारक हैं। इसकी तुलना में 71 लाख 26 हजार 182 कार्ड धारकों ने नवीनीकरण करा लिया है, वहीं 7 लाख 18 हजार 114 कार्ड धारकों ने अब तक नवीनीकरण नहीं कराया है। ब्लॉक आईडी खुलने के बाद अब छूटे कार्ड धारक भी नवीनीकरण कराकर नया कार्ड बनवा पाएंगे।



### 16 अगस्त से ब्लॉक थी आईडी

प्रदेश में जनवरी से राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य चल रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने कारण करीब डेढ़-दो महीने तक इसका काम बंद था। इसके बाद पुनः नवीनीकरण का काम शुरू हुआ, जो 15 अगस्त तक चलता रहा। इस दौरान छूटे कार्ड धारकों के लिए 2 से 3 बार नवीनीकरण की तारीख बढ़ाई भी गई थी, बावजूद धारक नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन नहीं कर पाए। हालांकि इनमें ऐसे भी कई धारक हैं, जिनके पुराने राशन कार्ड के बार कोड स्कैन नहीं होने या मोबाइल नंबर बदल जाने के कारण आवेदन नहीं हो पा रहे हैं।

### नवीनीकरण की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ी

नवीनीकरण की समय-सीमा बढ़ाने के लिए मुख्यालय प्रस्ताव भेजा गया था। यह प्रस्ताव अन्य जिलों से भी भेजे गए थे। इन प्रस्तावों के आधार पर नवीनीकरण की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है।
- भूपेंद्र सिंह, जिला खाद्य नियंत्रक

राज्य में सरकार बदलने के बाद राशन कार्ड भी बदल दिया गया है। नया राशन कार्ड बनवाने के लिए कार्ड धारकों को नवीनीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। नवीनीकरण कराने वालों का ही नया कार्ड बनाकर दिया जा रहा है। इसके लिए कार्ड धारक स्वयं से विभाग की ऑनलाइन वेबसाइट में नवीनीकरण कराने का आप्शन भी दिया गया है। इस ऑप्शन के माध्यम से कार्ड धारक पुराने राशन कार्ड के बार कोड स्कैनर को स्कैन करके नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। इसके अलावा धारकों ने राशन दुकान संचालकों के माध्यम से भी नवीनीकरण के लिए आवेदन किए हैं। इन दोनों आप्शन के माध्यम से प्रदेशभर में कार्ड धारकों द्वारा नवीनीकरण कराया गया है।

## आज से शराब दुकानों में मिलनी थी नए स्टाक की शराब

# पसंदीदा ब्रांड की शराब लेने शौकीनों को कुछ दिन और करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन द्वारा शराब नीति में परिवर्तन कर बिचौलिया प्रथा समाप्त कर सीधे शराब निर्माता कंपनियों से शराब खरीदी करने से शराब के शौकीनों में अपने मन पसंद ब्रांड मिलने की आस है। शराब दुकानों में बुधवार से सभी ब्रांड की शराब के साथ बीयर, रम ग्राहकों के लिए उपलब्ध होना था। इसके लिए शराब के शौकीनों को कुछ दिन और इंतजार करना होगा। ब्रेवरेज कार्पोरेशन के सिलतरा स्थित गोदाम में कंपनियों से खरीदी गई शराब की खेप पहुंच गई है, लेकिन वह शराब की पेटियां दुकानों तक नहीं पहुंच पाई है।

■ ट्रांसपोर्टिंग में देर होने की वजह से दुकानों में नए स्टाक का माल पहुंचने में हो रही है देर

पचपेड़ी नाका स्थित प्रीमियम शॉप, पुलिस लाइन, कटोरातालाब, शास्त्री बाजार, पुराना बसस्टैंड स्थित संचालित अंग्रेजी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों के मुताबिक दुकानों में अब तक नए स्टॉक का माल नहीं पहुंच पाया है। नया माल नहीं पहुंचने की वजह कर्मियों ने ट्रांसपोर्टिंग में देर होने के साथ मैन पावर की कमी को बताया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को सिलतरा स्थित ब्रेवरेज कार्पोरेशन के डिपो से बस्तर तथा धमतरी के लिए शराब की खेप रवाना की गई है। इसके साथ ही अन्य जिलों के शराब ट्रांसपोर्टर सिलतरा से शराब का उठाव कर रहे हैं।



### इसलिए हो रही देर

शराब ट्रांसपोर्ट करने वाले ट्रांसपोर्टर अन्य जिलों के लिए पहले शराब परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद रायपुर जिले की दुकानों के लिए शराब परिवहन करेंगे। इसके कारण यहां दुकानों में नए स्टाक का माल पहुंचने में देर हो रही है। नए स्टाक का माल नहीं पहुंचने की वजह से शराब के शौकीनों को अपने पसंदीदा ब्रांड की शराब लेने तीन से चार दिन और इंतजार करना होगा।

### मीडियम रेंज में चर्चित ब्रांड का टोटा

मीडियम रेंज की शराब जैसे नंबर-1, एरिस्टोक्रेट, रायल स्टेग जैसे चर्चित ब्रांड की शराब ज्यादातर दुकानों में नहीं मिल रही है। दुकानों में आरसी जैसे ब्रांड की शराब प्रीमियम शॉप के साथ शास्त्री बाजार, पुलिस लाइन, पुराना बसस्टैंड की दुकानों में उपलब्ध है।

### दुकानों से रम गायब

शराब के शौकीनों के लिए व्हिस्की के बाद रम दूसरी पसंदीदा शराब है। रम के शौकीनों को प्रीमियम के साथ अंग्रेजी शराब दुकान में किसी भी ब्रांड की रम नहीं मिल रही है। इसके साथ ही प्रीमियम के साथ अंग्रेजी शराब दुकानों में बीयर के शौकीनों को सिंबा ब्रांड की बीयर मिल पा रही है।

### इस रेंज की शराब की कीमत में बढ़ोतरी

एक सितंबर से कई ब्रांड की शराब की कीमत में बढ़ोतरी की गई है। जिन शराब की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है, उनमें 840 रुपए से ज्यादा कीमत में मिलने वाली शराब की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही बीयर की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है।

# नगरीय निकाय व पंचायतों की मतदाता सूची तैयार करने जारी हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन कराये जाने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षित किये जाने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 को किया जायेगा।

आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार स्थानीय निकायों की प्रारंभिक निर्वाचक नामावली 01 जनवरी 2024 की स्थिति में विधानसभा की प्रचलित निर्वाचक नामावली के आधार पर तैयार की जायेगी। निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी (रा.)) एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार) द्वारा किया जायेगा। निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा विधानसभा की निर्वाचक नामावली को वार्डवार एवं भागवार मार्किंग कर चिन्हित निर्वाचकों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से संबंधित वार्ड में शिफ्ट किया जायेगा। इस प्रकार प्रथम चरण में प्रारंभिक निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य 14 अक्टूबर 2024 तक पूर्ण किया जायेगा। छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के नगर पंचायत साजा, परपोड़ी, देवकर, थानखम्हरियां, बेरला, भिंभौरी, दाढ़ी एवं नवागढ़ की निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। नगर पालिका परिषद बेमेतरा मे परिसीमन कार्य पर उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा स्थगन प्रदाय किये जाने एवं नगर पंचायत कुसमी में परिसीमन की कार्यवाही प्रगति पर होने के कारण वर्तमान में इन दोनो नगरीय निकायों में निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित रखा गया है।

### प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को

जिले के उक्त 8 नगरीय निकायों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को किया जाकर दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य 23 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक किया जायेगा। प्राप्त दावे आपत्तियों के निपटारे का अंतिम तारीख 29 अक्टूबर 2024, प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04 नवम्बर 2024 निर्धारित की गई है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण 08 नवम्बर 2024 तक किया जायेगा। निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर की जा सकती है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को किया जायेगा।त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 को किया जाकर 29 अक्टूबर 2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक दावा आपत्ति प्राप्त की जायेगी। प्राप्त दावे आपत्तियों के निपटारे का अंतिम तारीख 04 नवंबर 2024, प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 नवम्बर 2024 निर्धारित की गई है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण 14 नवम्बर 2024 तक किया जायेगा। निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर की जा सकती है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 29 नवम्बर 2024 को किया जायेगा।

### मसीही युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 17 को

**रायपुर।** तेरा साथ सेवा केंद्र द्वारा मैग्नेटो मॉल में 17 सितंबर को मसीही युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। सम्मेलन में अविवाहित युवक-युवतियों के अलावा, विधवा, विधुर तथा तलाकशुदा उम्मीदवार भी शामिल हो सकते हैं। संस्था की संस्थापक व संचालक मैरी सिंह और किरण सिंग ने बताया कि सम्मेलन में उम्मीदवारों का बायोडाटा भी मंगवाया गया है। इसे डिस्पेल किया जाएगा। दो फोटो के साथ बायोडाटा के साथ पंजीयन करा सकते हैं।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

# पीएम आवास की पहली किस्त 15 सितंबर को जारी करेंगे प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'आवास प्लस 2024' एप्लिकेशन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक बड़ी सभा के दौरान लगभग साढ़े पांच लाख पात्र नागरिकों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त ऑन लाइन जमा करेंगे। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, जब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा अब तक 8,46,931 आवास स्वीकृत हो चुके हैं। इससे 2011 की आवासहीनों की सूची, जिसे परमानेंट वेटिंग लिस्ट कहा जाता है, पूरी हो चुकी है। साथ ही आवास प्लस की सूची में भी यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि जो पात्र नागरिक अभी तक छूटे हुए हैं, उनके नाम 15 सितंबर के बाद जोड़े जा सकेंगे।



### पात्रता के नए नियम जारी

उपमुख्यमंत्री ने पात्रता के नए नियमों की जानकारी देते हुए कहा, अब जिन नागरिकों के पास टू व्हीलर, मछली पकड़ने की नाव, रेफ्रीजरेटर, लैंडलाइन फोन है या जिनकी आय 15,000 रुपए प्रतिमाह तक है, वे भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र माने जाएंगे। साथ ही जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में ऐसा ग्लास जिसे तोड़ नहीं पाएंगे पत्थरबाज चेन्नई से पहुंची नई रैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेल हादसे को रोकने सुरक्षा कवच के साथ नई वंदे भारत एक्सप्रेस ऐसे ग्लास से लैस है, जिसे पत्थरबाज नहीं तोड़ पाएंगे। पथराव से कांच क्रेक तो होगा, मगर टूटकर यात्रियों को चोटिल नहीं करेगा। 15 को दुर्ग से पहली रवानगी के लिए ट्रेन की लग्जरी नई रैक चेन्नई से दुर्ग पहुंच गई है। वर्तमान में दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए रवाना होने वाली लिंक एक्सप्रेस को अपना सफर पूरा करने में साढ़े 11 घंटे लगते हैं। नई वंदे भारत एक्सप्रेस इस यात्रा को केल आठ घंटे में पूरा करेगी और सफर लग्जरी होने की वजह से यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। बुधवार को चेन्नई से वंदेभारत की 16 बोगियों की नई रैक दुर्ग स्टेशन पहुंच गई है। 15 सितंबर को जमशेदपुर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद ट्रेन दुर्ग से सुबह 10.30 बजे रवाना होकर रायपुर पहुंचेगी।



### सांसदों ने की रेल यात्रा पर चर्चा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक महाप्रबंधक नीनु इटियेरा के साथ बुधवार को हुई। रेल मंडल कार्यालय में आयोजित बैठक के अध्यक्ष दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। इसके साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भोजराज नाग, महेश कश्यप, रंजीत रंजन राज्यसभा सदस्य एवं सासंद प्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में यात्री सुविधा, आधारभूत संरचना के विकास सहित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

## पेज 9 के शेष

### जगह-जगह मलबा व ...

बाढ़ के दौरान ईट भट्ठे में फंसे श्रमिक, रेस्क्यू कर बचाया गया : तहसील मुख्यालय अंतर्गत नगर देवकर सहित आसपास के गाँवों में कल सुरही नदी के उफान में होने के कारण प्रशासन एलर्ट मोड पर सक्रिय थी। इसका नज़ारा कल देवकर से 04 किलोमीटर दूर स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बेरला तहसील के ग्राम बचेड़ी में दिखाई दिया। जहां पर बाढ़-आपदा के दौरान दोपहर में देवकर पुलिस को सूचना मिली कि बचेड़ी गाँव के एक निजी ईट भट्ठे में करीब छह मज़दूर फंसे हुए हैं। सूचना पर चौकी पुलिस की टीम ने तत्काल प्रशासन को इस संकट के बारे में अवगत कराई एवं राहत एवं मौके स्थल पर राहत एवं बचाव कार्य दल के पहुंचा। देवरबीजा नायब तहसीलदार-प्रदीप तिवारी की उपस्थिति में देवकर चौकी प्रभारी एएसआई-डीपी देशलहरे सहित अन्य स्टॉफ द्वारा संयुक्त रूप से सफल रेस्क्यू कार्य को अंजाम देकर सकुशल बचाया गया। सभी श्रमिकों को उनके मूल रहवास स्थान पर भेजा गया। पुलिस एवं रेस्क्यू टीम को उनकी उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए क्षेत्रवासियों ने सराहना की है।

### बेमेतरा में विश्व के सबसे ऊंचे ...

पटेल, एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ के चेयरमैन भीमशंकर यादव और इंजीनियर मनन पटेल ने आमंत्रित किया है। भव्य श्रृष्टि उद्योग द्वारा उद्योग बनाए जा रहे बांस के वर्ल्ड फर्स्ट बम्बू क्रैश बैरियर, बाहुबल्ली और आवर्तनशील विधि से बनाए जा रहे चारकोल, विनेगर आदि प्राकृतिक उत्पादों की चर्चा की। इनकी संभावनाओं को छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए आय बढ़ाने वाला और धरती के लिए यह कैसे प्राकृतिक रूप से उपयोगी है, इस बारे में विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उद्योग को देखने समझने की इच्छा जाहिर की और इस भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा बांस के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री, अध्यक्षता डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, दयाल दास बघेल खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री, विजय बघेल सांसद, दीपेश साहू विधायक बेमेतरा, भावना वोहरा विधायक पंडरिया, ईश्वर साहू विधायक साजा, बिसराराम यादव पूर्व प्रांत संघ चालक, चंद्रशेखर वर्मा प्रदेश कार्याध्यक्ष, शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं सोनल शर्मा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल होंगे।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ...

1136 हितग्राहियों को कुल राशि रू. 1,97,46,000 रूपए प्रदाय किया गया है। योजना का लाभ लेने एवं अधिक जानकारी हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सम्पर्क कर सकते हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

### 2 अक्टूबर को रायपुर में जुटेंगे प्रदेशभर से शिक्षक

**रायपुर।** प्रदेशभर के शिक्षक 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में जुटेंगे। गांधी जयंती के मौके पर वे सत्याग्रह करते हुए पदयात्रा निकालेंगे। शिक्षक डीए और प्रथम नियुक्ति से पूर्व सेवा गणना की मांग को लेकर यह पदयात्रा करेंगे।

शिक्षकों की सेवा की गणना उनके संविलियन तिथि से की जा रही है। इसके स्थान पर शिक्षक मांग कर रहे हैं कि शिक्षाकर्मी के रूप में उनकी नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की जाए। शिक्षकों का यह आंदोलन क्रमबद्ध रूप से चलेगा। गांधी जयंती के बाद 14 अक्टूबर को शिक्षक मोर्चा द्वारा सभी जिला मुख्यालय में बैनर, पोस्टर के साथ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। एक नवंबर राज्य स्थापना के दौरान प्रदेशभर के शिक्षक दीप जलाकर अपनी सेल्फी व फोटो सहित समस्त सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार करेंगे।

### शहर के दो कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस दबिश

**भिलाई।** शहर में चल रहे अवैध कबाड के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एसीसीयू की टीम ने मंगलवार की रात गोकुल नगर कुरुद, तिरंगा चौक कबाडी साहू और छावनी बस्ती के सुरेश पाण्डेय के ठिकानों पर दबिश दिया गया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पुलिस ने ललित कबाड़ी के गोकुलधाम गोदाम से 5 वाहनों में भरे लोहे का स्क्रैप 24.08 किलो टन 7 लाख रुपए जब्त वाहन समेत 47 लाख 44 हजार 900 रुपए आंकी गई है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### साजा विधानसभा क्षेत्र में विकासकार्यों के लिए 41 लाख स्वीकृत

**बेमेतरा।** विधानसभा साजा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले साजा विकासखण्ड के विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 41 लाख 40 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ईश्वर साहू विधायक साजा द्वारा अनुशंसित जिला बेमेतरा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कांक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाया जाए।

### मानदेय नहीं बढ़ने से नाराज विकासखंड व संकुल समन्वयकों ने दिया इस्तीफा

**साजा।** जनपद स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में 14 वर्षों से कार्यरत विकासखंड समन्वयकों एवं संकुल समन्वयकों ने इस्तीफा दे दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कर्मचारी कल्याण संघ प्रदेश के अध्यक्ष नीलमणि चंदेल, उपाध्यक्ष रजनीकांत बंजारे, संगठन मंत्री घनश्याम पटेल एवं रायपुर संभाग अध्यक्ष अश्वनी कुमार थवाईत ने बताया कि राज्य समन्वयक एवं उनके अकाउंटेंट द्वारा इनका सही वेतन निर्धारण नहीं किया, जिसके कारण इन कर्मचारियों का मानदेय 14 वर्ष में कभी नहीं बढ़ा। जबकि राज्य समन्वयक, जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकारों का वेतन निर्धारण एनआरएलएम की गाइडलाइन का हवाला देकर बढ़ाया गया। इसी दौरान यदि विकासखंड एवं संकुल समन्वयकों का भी वेतन एनआरएलएम के समकक्ष निर्धारण कर सेटअप तैयार किया गया होता, तो आज विकासखंड और संकुल समन्वयकों को यह दिन नहीं देखना पड़ता। विकासखंड और संकुल समन्वयकों के साथ हर बार की तरह छल किया गया, जिसके कारण उन्हें सामूहिक त्यागपत्र देने पर विवश होना पड़ा। उन्होंने शासन की गाइडलाइन एनआरएलएम के समकक्ष मानदेय देने की मांग की है।

### शिकसा ने 300 शिक्षकों का किया सम्मान

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम शिकसा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर 300 शिक्षकों को शिकसा शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। संयोजक डॉ.शिवनारायण के साथ ही प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, जनक सिन्हा ने कहा कि शिकसा के माध्यम से शिक्षकों को नई पहचान दिलाकर सम्मानित करने का प्रयास किया जा रहा है।

**आयोजन : कार्यक्रम में मंत्री दयाल दास व विधायक दीपेश हुए शामिल**

# बीटीआई मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां, डटे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित बीटीआई मैदान में भव्य गणेश चतुर्थी पर्व पर जय श्री राम गणेश उत्सव समिति हर वर्ष विघ्नहर्ता की मूर्ति स्थापना की जाती है। इस वर्ष देश की शान तिरंगा पर आधारित पंडाल सजाया गया। बुधवार छत्तीसगढ़ की स्वर कोकिला गरिमा स्वर्णा दिवाकर की रंगारंग रात्रिकालीन कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री दयाल दास बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने गणेश पंडाल में पहुंचकर भगवान गणेश की दर्शन कर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

रंगारंग कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू विशिष्ट अतिथि व मंत्री दायलदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। मंत्री दयाल दास एवं विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने के लिए श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ की जा रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक दीपेश साहू ने समिति के अध्यक्ष गिरीश गबेल सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी।



#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, परमेश्वर वर्मा, राजू देवांगन, योगेश वर्मा, युगल देवांगन, धर्मेंद्र साहू, आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरीश गबेल, उपाध्यक्ष अजय शुक्ला,विकास तिवारी,रानू वर्मा,वतन ठाकुर ,दिलीप पटेल सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## अमर ज्योति डांस ग्रुप नवागांव ने जीती बेरला में आयोजित स्पर्धा

**बेरला।** युवा गणेश उत्सव समिति नगर इकाई बेरला द्वारा पारंपरिक झमाझम रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार रात को किया गया। मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे, अध्यक्षता अवधेश सिंह चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा ने की। इस दौरान मंच पर नगर पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधि एवं तमाम नगर वासी हजारों की जनसंख्या में उपस्थित रहे।

- युवा गणेशोत्सव समिति ने किया रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यक्रम के आयोजक युवा गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रेम बघेल उपाध्यक्ष खूबी राम गायकवाड़ एवं उनके तमाम सदस्य साथियों ने दर्शकों को रातभर हंसाने गुदगुदाने का कार्य किया। इनमें कवि ताकेश्वर साहू, कवि मिलन शिवारे मनमोहना, कवि साहिल गेंडरे, आशीष टंडन शामिल हैं। नगर पंचायत बेरला में आयोजित डांस प्रतियोगिता में कई जिलों से एकल एवं सामूहिक नृत्य में शामिल होने कलाकार पहुंचे। सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान अमर ज्योति डांस ग्रुप नवागांव धमतरी के कलाकारों ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर मेलोडी डांस ग्रुप दुर्ग ने बाजी मारी। तृतीय स्थान पर स्वरागनी डांस ग्रुप रतनपुर ने जीत हासिल की। चतुर्थ स्थान पर नृत्या डांस ग्रुप का नाम रहा तथा पंचम स्थान के रूप में जय माँ कारोकन्या डांस ग्रुप तारालिम ने अपना परचम लहराया। एकल में प्रथम स्थान ईशान कुमार मुछड़ को मिला। द्वितीय स्थान पर करण मंगल दुर्ग पुलगांव का नाम रहा। तृतीय पायदान पर सिद्ध संस्कार मुंगेली ने बाजी मारी तथा चतुर्थ स्थान पर वृंदा राधा पिथौरा महासमुंद ने अपना स्थान बनाया।




# सिंघौरी में शिक्षकों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हाई स्कूल, मिडिल स्कूल और प्राथमिक शाला सिंघौरी में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीनों संस्था के शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष तनसुखदास मानिकपुरी, राकेश साहू पोषण वर्मा एवं सदस्य और सिंघौरी के वार्डवासियों द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोमल सिंह ठाकुर नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण खरे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, राजेन्द्र साहू बीआरसी बेमेतरा एंव धनंजय शर्मा एपीसी,सोमनाथ ध्रुव पार्षद,देवराम साहू पार्षद उपस्थित रहे। तीनों संस्था प्रमुख सहित सभी शिक्षकों को श्री फल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। हाई स्कूल से बीबी गुप्ता प्राचार्य, संतोष राजपूत, रामगोपाल चंद्राकर, प्रतिभा, राजेश गायकवाड़, सरिता बंजारे, राजेश नामदेव, रामकुमार साहू पूर्व माध्यमिक शाला से मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक,सरस्वती साहू, राजेश्वरी ठाकुर, आगेश्वरी साहू,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर और प्रशांत बघेल प्राथमिक शाला से शशिकला यादव प्रधान पाठक, किरण खरे, धनीराम बंजारे, पूनम साहू,रंजू पांडेय,अमरीका पांडेय एवं लक्ष्मी साहू को सम्मानित किया गया। इसी बीच स्कूल में पोला पर्व में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता बच्चों और स्कूल के रसोइया एवं सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युगल देवांगन महामंत्री, भानुरामसाहू,मुन्ना साहू,नारद साहू,तोकेश्वर साहू,सुरेंद्र साहू,मीनू पटेल,गोमती साहू, गायत्री सोनी, रानी साहू,नोहर साहू, हेमलाल वर्मा,सौरभ वर्मा, प्रीतम वर्मा, डिगेन्द्र वर्मा,गजाधर साहू, शुभम सोनी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### प्रधानपाठक आत्महत्या मामले में एससीएसटी एक्ट के तहत हो कार्रवाई : कुरेटी

**डोंडी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के बालोद जिलाध्यक्ष शुभ सिंह कुरेटी ने नौकरी लगाने के नाम से करोड़ों की धोखाधड़ी करने वालों पर एसटीएससी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गिरोह के चंगुल में फंसकर घोटिया निवासी आदिवासी गोंड़ देवेन्द्र ठाकुर ने आत्महत्या कर ली। उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी मदार खान उर्फ सलीम खान एवं पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर सहित अन्य सभी लोगों पर एसटीएससी एक्ट के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं किए जाने पर आदिवासी समाज काफी आक्रोशित हैं।

**कार्रवाई की मांग को लेकर लिखा पत्र**

# राजधानी पुलिस पर अभद्रता का आरोप गृहमंत्री और अधिकारियों से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

11 सितंबर की रात रायपुर में बेमेतरा जिले के थान खम्हरिया निवासी फिरोज खान ने पुलिस द्वारा अभद्रता किए जाने की शिकायत की है। इस मामले में उन्होंने गृहमंत्री विजय शर्मा, पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस अधीक्षक रायपुर को पत्र लिखकर दोषी पर सक्षम कार्रवाई करने की मांग की है।

नगर पंचायत थान खम्हरिया निवासी फिरोज खान ने बताया कि वे 11 सितंबर को अपने साथियों ऋषभ शर्मा, विजय उके के साथ सामान खरीदी के लिए रायपुर गये हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ जयस्तंभ चौक पर उप निरीक्षक एमपी तिवारी थाना कालीबाड़ी चौक रायपुर व कुछ यातायात पुलिस ने आपत्तिजनक शब्दों के साथ दुर्व्यवहार किया। इसका विरोध करने पर उन्हें धमकी भी दी गई। उन्होंने बताया कि वे भोजन करने होटल गए थे, वहीं वाहन चालक को कार में डीजल डलाने भेज दिया। वापसी में ड्राईवर ने शराब पी ली थी। इस बीच जयस्तंभ चौक के पास पुलिस ने वाहन क्र सीजी 25 एल 4553 को शराब पीकर वाहन चलाने के जुर्म में वाहन को जब्त कर लिया। उक्त घटना की जानकारी होने के बाद फिरोज खान अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे।




उन्होंने कार्रवाई पर सहमति जताई तथा वाहन को सुपुर्दगी की मांग की। फिरोज ने आरोप लगाया कि, पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अपशब्दों का उपयोग किया। वाहन जब्ती के बाद 100 किमी दूर घर वापसी के लिए कोई संसाधन नहीं बचा था। ऐसे में उन्होंने अन्य तीन साथियों के साथ पूरी रात राजधानी की सड़कों पर बिताई।

## विधायक ईश्वर ने बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा...



**साजा।** लगातार भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने विधायक ईश्वर साहू ने अंचल का दौरा किया। इस दौरान ग्राम सुखरीखुर्द में क्षतिग्रस्त मकान को देखते हुए अधिकारियों को तत्काल मुआवजा प्रकरण बनाने की निर्देश दिए। दौरे में जिला मंत्री पवन शर्मा व जिला पंचायत जितेंद्र साहू भी साथ थे।

# पीआरपी मोनिका पर कार्रवाई का बिहान की महिलाओं ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

ब्लाक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कार्य करने वाली भर्रीटोला 36 संकुल की पीआरपी पर लगाए गए आरोप पर संलग्नीकरण के आदेश को निरस्त करने एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर बिहान समूह से जुड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम भर्रीटोला की महिलाओं ने तहसील कार्यालय एवं डौंडी थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्राम भर्रीटोला 36 से आई महिलाओं ने बताया कि पीआरपी संकुल प्रभारी मोनिका पटेल पर जो आरोप लगाए गए हैं, वो निराधार हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि रेवा रावटे नामक व्यक्ति द्वारा ग्राम भारीटोला का माहौल खराब किया जा रहा है, जबकि वह गांव में रहता भी नहीं है। महिलाओं ने कहा कि पूर्व में भी उसने गांव के भोले-भाले आदिवासियों को भड़काकर एक व्यक्ति के निर्माणाधीन मकान को तोड़वा दिया था। बिहान समूह की कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे पिछले 7 साल से मोनिका के साथ काम कर रहे हैं, किंतु आज तक हमने उनमें कभी भी कोई जातिगत भेदभाव की बात नहीं देखी। जिस कार्यक्रम से उपजे विवाद का हवाला दिया जा रहा है, वहां पर हम सभी मौजूद थीं, किसी भी बच्चे को जाति के कारण भाग लेने से मना नहीं किया गया था। बता दें कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में 2 मार्च 2023 को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोनिका पटेल द्वारा जाति पूछकर बच्चों को कार्यक्रम में सम्मिलित किये जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व में ग्रामसभा प्रस्ताव सहित शिकायत की गई थी।

- तहसील कार्यालय एवं डौंडी थाना पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# डाइट बेमेतरा में सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में 9 सितंबर से 11 सितंबर तक तीन दिवसीय कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो साजा और नवागढ़ के 120 शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। मास्टर ट्रेनर्स दीपचंद देवांगन ने सामाजिक विज्ञान विषय के अध्यापन में आने वाली कठिनाइयों को बिंदु वार चिन्हांकित किया। मास्टर ट्रेनर्स हेमलता बंजारे के द्वारा 8 पॉइंट पर चर्चा की गई। समूह बनाकर गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साथ ही भूमध्य रेखा, कर्क रेखा, मकर रेखा और इन रेखाओं से गुजरने वाले देशों के नाम पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण की प्रभारी डाइट बेमेतरा की व्याख्याता यमुना जांगड़े हैं। मास्टर ट्रेनर्स डाइट के व्याख्याता जीएल खुटियारे, डीआरजी हेमलता बंजारे, व्याख्याता शासकीय उ मा वि बहेरा, दीपचंद देवांगन व्याख्याता शासकीय बालक उ मा वि नवागढ़ तथा अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साकेत बिहारी और विजय हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डाइट के व्याख्याता राजकुमार और अमिन्दर भारती सहित प्रशिक्षण ले रहे शिक्षक चुरावन सिंह बघेल, रामकुमार साहू, अर्चना शर्मा, सहित सभी 120 शिक्षक उपस्थित थे।




**जिला शिक्षा अधिकारी डॉ बंजारे ने बीईओ व प्राचार्यों को दिए निर्देश**

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए दृढ़ संकल्प से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में जिले के विकासखंडों के शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त प्राचार्य शासकीय हाई/हायर सेकंडरी स्कूल की एक आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.कमल कपूर बंजारे ने उपस्थित प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस वर्ष शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मना रहे हैं। अतः आप सभी का दायित्व है कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करें। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों के शैक्षिक क्रियाकलापों का सतत निरीक्षण एवं अवलोकन करने साथ ही आवश्यकता अनुसार दिशा निर्देश भी प्राचार्यों को दिया। डॉ.बंजारे ने दैनन्दिनी, पाठ्यक्रम पूर्णता, एवं परीक्षा के विषय मे भी प्राचार्यों से चर्चा की।



बैठक में सहायक संचालक एस.पी.कोशले, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा एवं वरिष्ठ प्राचार्य एस.एस.ठाकुर ने भी जिले के विभिन्न शैक्षिक क्रिया कलापों पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व आज की बैठक में निर्धारित एजेण्डे पर चर्चा करते हुए समग्र शिक्षा के प्रोग्रामर नेहिल वर्मा ने यू- डाईस 2024-25 एवं अपार आई.डी.पर चर्चा की। सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने अन्य एजेंडे कला उत्सव, निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना, इंस्पायर एवार्ड मानक पंजीयन, क्रीड़ा, स्काउट-गाईड अंशदान, त्रैमासिक परीक्षा, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पंजीयन, युवा संसद प्रतियोगिता, ऊर्जा पावर ग्रिड प्रतियोगिता, जनसंख्या नियत्रंण पर कार्यक्रम, एवं राष्ट्रीय विज्ञान सेमीनार पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए प्राचार्यों से अपेक्षित जानकारी समय सीमा में जिला शिक्षा कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत के कर्मचारियों ने स्वच्छता सप्ताह अंतर्गत विद्यालय में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे,नीलेश चंद्र वंशी,लोकनाथ बांधे, जय प्रकाश करमाकर, सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

